हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सोमवार
6 अप्रैल 2026, वैशाख कृष्ण पक्ष, षष्ठी, विक्रम सम्वत 2083, बरेली
PAGE NO, 10, MIDDLE

एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी विजेता

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन छह में खेलती टीमें।

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन छह के चौथे और पांचवें मुकाबले में रनों की बारिश हुई। चौथे मैच में 22 याड्‌र्स पीलीभीत का सामना बजाज टैक्सटाइल अमरोहा से व पांचवें में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी से हुआ। दोनों मैच में 22 याड्‌र्स पीलीभीत के खिलाफ शतक बने।

चौथे मैच में 22 याड्‌र्स पीलीभीत के खिलाफ बजाज ने शोएब सिद्दीकी के 62 गेंदों पर नाबाद 113 रन की मदद से 254 रन बनाए। 5वें मैच में एसआरएमएस एकेडमी ने विश्वेंद्र चौधरी के 67 गेंदों पर नाबाद 123 रन की मदद से 22 याड्‌र्स पीलीभीत को 201 रन का लक्ष्य दिया। चौथे मैच में तेज हवा के साथ हुई बारिश ने 22 याड्‌र्स पीलीभीत को मैच ड्रॉ खेलना पड़ा। अंपायरों ने 22 याड्‌र्स पीलीभीत और बजाज टैक्सटाइल अमरोहा में एक-एक अंक बांटे। 22 याड्‌र्स पीलीभीत की टीम 15.2 ओवर में सिर्फ 94 रन बना पाई। एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने 107 रन से मैच जीता। एसआरएमएस के विश्वेंद्र चौधरी मैन ऑफ द मैच रहे। एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी।